# नगर के मुख्य मार्गों से निकली बीजेपी की कमल संदेश यात्रा

**नवज्योति/ सांचौर।**

नगर में भारतीय जनता पार्टी की कमल संदेश यात्रा बाबा रघुनाथपुरी डेयरी से महंत जगदीशपुरी महाराज के पावन सानिध्य में जालोर-सिरोही सांसद देवजी एम पटेल, पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, भाजपा युवा नेता दानाराम चौधरी, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन मोतीराम चौधरी एवं विभानसभा प्रभारी रावतसिंह दूठवा की मौजूदगी में निकाली गई। कमल संदेश संदेश यात्रा को सांसद देवजी एम पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रा बाबा रघुनाथपुरी डेयरी से आंरभ होकर विश्नोई धर्मशाला, चौधरी धर्मशाला, पुरोहित धर्मशाला, विवेकानंद सर्किल, सब्जी मंडी, मैन मार्केट होते हुए नेहरू रंगमंच दरबार चौक पर विर्सजित हुई। रैली में कार्यकर्ताओं ने अबकी बार कमल का फुल एवं मां भारती के गगनभेदी नारे लगाये। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए जालोर-सिरोही सांसद देवजी एम पटेल, पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, दानाराम चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजूट होकर कार्य करने एवं बूथ सम्पर्क अभियान के तहत केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना एवं विकास कार्यो की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

## ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जामाराम चौधरी, चितलवाना प्रधान हनुमान प्रसाद भादू, पालिका उपचेयरमैन दिलीप राठी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिनेश पुरोहित दांतिया, प्रकाशचन्द्र सुथार, नगर अध्यक्ष पूरेन्द्र व्यास, चितलवाना मंडल अध्यक्ष सांवलाराम माली, भाजयुमो जिला महामंत्री जगदीश शारदा, दुर्गाराम चौधरी, चुन्नीलाल खेजडियाली, ग्रामीण मंडल महामंत्री गणपतलाल पुरोहित, सज्जन शर्मा, माधुसिंह विरोल, कानसिंह परावा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दलपत दर्जी, सज्जनसिंह तेतरोल, पारसाराम देवासी, नरपत पुरोहित, गोवाराम किलुपिया एवं प्रताप चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शहर में भाजपाइयों ने निकाली कमल संदेश यात्रा

भास्कर न्यूज | सांचौर

शहर में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की कमल संदेश यात्रा का शुभारंभ बाबा रूगनाथपुरी डेयरी में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर महंत जगदीशपुरी जी के सान्निध्य में जालोर सिरोही सांसद देवजी पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर नेहरू रंग मंच दरबार चौक पहुंची। जहां पर विसर्जित की गई।

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सांचौर विस्तारक प्रकाश सुथार ने बताया कि कमल संदेश यात्रा के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत करने एवं पार्टी का प्रसार-प्रचार करने के उद्देश्य से आज शहर के बाबा रूगनाथ पुरी डेयरी में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की तथा रैली से पूर्व आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने तथा बूथ महासंपर्क अभियान के तहत भाजपा सरकार द्वारा करवाये गये विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। तथा पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने हर बूथ तक पहुंच कर लाभार्थियों से संपर्क करने की बात कही। तत्पश्चात महंत जगदीशपुरी जी के सानिध्य में जालोर सिरोही सांसद देवजी पटेल ने वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवानगी दी जो वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नेहरू रंग मंच दरबार चौक पहुंची, जहां पर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी रावतसिंह दुठवा, पूर्व कृषि मण्डी चेयरमैन मोतीराम चौधरी, चितलवाना प्रधान हनुमान प्रसाद भादू, नपा उपाध्यक्ष दिलीप राठी, दानाराम चौधरी, सांचौर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष जामाराम चौधरी, नगर अध्यक्ष पुरेन्द्र व्यास, चितलवाना मण्डल अध्यक्ष सांवलाराम माली, भाजयुमो जिला महामंत्री जगदीश शारदा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष चुन्नीलाल खेजडिय़ाली, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष दलपत दर्जी, खंगाराराम चौधरी, सांवलाराम देवासी, सांचौर ग्रामीण मण्डल महामंत्री गणपत पुरोहित, नगर महामंत्री संजन शर्मा, माधुसिंह विरोल, नरेन्द्र चौधरी चौरा, रमेश पुरोहित, कानसिंह परावा, सज्जनसिंह तैतरोल, पारसाराम देवासी बड़सम, नरपत पुरोहित, वियाराम अचलपुर, गोवाराम चौधरी, प्रताप चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।